**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 13 जुलाई 2026, समय 13:05 (5 मिनट)**

*********************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज पंचकूला में झाड़ू लगाकर और कूड़ा उठाकर हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी के "स्वच्छता से स्वागत अभियान" का शुभारंभ किया। यह अभियान 17 जुलाई तक चलेगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता, पंचकूला के महापौर श्यामलाल बंसल समेत तमाम नेता मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि  प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे के मद्देनजर आज पंचकूला से स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गई है । आज “एक पेड़ मां के नाम”  मुहिम के तहत 100 पेड़ भी लगाए गए है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 जुलाई को  प्रदेश को बड़ी परियोजनाओं की सौगात देंगे। हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे और इसके साथ ही कई बड़ी परियोजनाओं का उद्घाटन औऱ शिलान्यास भी होगा।

*********************************************************************

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन-इसरो ने गगनयान क्रू मॉड्यूल सिस्टम के तीन प्रमुख परीक्षणों को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।पहला परीक्षण समुद्र में उतरने के बाद क्रू मॉड्यूल की सीधी स्थिति सुनिश्चित करने से संबंधित था, जिसे चालक दल की सुरक्षा के लिए सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकताओं में से एक माना जाता है। दूसरे परीक्षण में अंतरिक्ष यात्रियों का कैबिन क्रू मॉड्यूल और बिजली देने वाले सर्विस मॉड्यूल के बीच कड़ी का काम करने वाले अम्बिलिकल मैकेनिज्म के अलगाव की जांच की गई। तीसरे परीक्षण ने एपेक्स कवर के अलग होने की घटना के दौरान क्रू मॉड्यूल की संरचनात्मक अखंडता को सत्यापित किया। अपने तीनों परीक्षण से इसरो ने यह पक्का कर लिया है कि अंतरिक्ष यात्रियों का केबिन सही समय पर अलग होगा, उसके पैराशूट सही से खुलेंगे और पानी में गिरने के बाद वह डूबेगा या उलटेगा नहीं।

*********************************************************************

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर से गांव सोतई के ग्रामीणों के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर नगर निगम द्वारा गाँव के निकट प्रस्तावित कचरा संग्रहण एवं निपटान केंद्र का विरोध जताया है । ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपकर मांग की कि यह केंद्र गांव की आबादी के निकट न बनाया जाए और इसके लिए किसी अन्य उपयुक्त स्थान का चयन किया जाए। ग्रामीणों ने कहा कि सोतई तेजी से विकसित हो रहा क्षेत्र है और भविष्य में दिल्ली-एनसीआर का प्रमुख प्रवेश द्वार बनेगा। आबादी के पास कचरा संग्रहण केंद्र बनने से पर्यावरण, स्वच्छता और लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। मंत्री ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी मांग पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर जनहित, पर्यावरण संरक्षण और प्रभावी कचरा प्रबंधन के बीच संतुलित समाधान निकालने का भरोसा दिलाया है ।

*********************************************************************

कैथल की सिविल सर्जन डॉ रेणु चावला ने कहा है कि सजूमा के प्राथमिक स्वस्थ केंद्र में हेपेटाइटिस-ए संक्रमण के मामले सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क है। सिविल सर्जन कार्यालय के अनुसार त्वरित

प्रतिक्रिया बल और चिकित्सा दल लगातार प्रभावित क्षेत्र में निगरानी कर रहे हैं तथा स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। उन्होंने बताया कि गत दिनों ओपीडी के माध्यम से 19 नए मरीज सामने आए हैं।

डॉ रेनू चावला ने बताया कि प्रयोगशाला जांच में कुल 37 मरीजों के रक्त नमूनों की जांच में से 23 में हेपेटाइटिस-ए की पुष्टि हुई है, जबकि हेपेटाइटिस-ई का कोई मामला नहीं मिला है। डॉ रेनू चावला ने कहा कि वर्तमान में केवल तीन मरीज उपचाराधीन हैं, जिनमें एक सरकारी तथा दो निजी अस्पतालों में भर्ती हैं।

*****************************************************************

कैथल  पुलिस ने छह अंतरराज्यीय नशा तस्करों को गिरफ्तार कर करीब साढ़े 19 क्विंटल डोडा पोस्त की खेप बरामद की है। जिसकी कीमत लगभग तीन करोड़ रुपये बताई गई है।

पुलिस उपाधीक्षक रोहताश ने बताया कि यह खेप मध्य प्रदेश से पंजाब ले जाई जा रही थी। तस्करों ने पुलिस की निगरानी से बचने के लिए एक निजी पायलट वाहन को ट्रक के आगे चलाया हुआ था, ताकि रास्ते की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके और जरूरत पड़ने पर ट्रक को सतर्क किया जा सके।

*****************************************************************